कुष्ठ रोग से पीड़ित दिव्यांगों को मिलेगी किट

महराजगंज। जिले में कुष्ठ रोग से पीड़ित दिव्यांगों को डेली लिविंग किट दिया जाएगा। किट में नाखून काटने की सामग्री, साबुनदानी, बटन व हुक के साथ लगाए जाने वाली सामग्री, रबर गल्ब्स, मोबाइल फोन, रेडियो, टॉर्च आदि शामिल है।

दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग में चिह्नित पेंशनरों में से 15 हजार से अधिक दिव्यांग पेंशनर हैं। इनमें से 332 ऐसे दिव्यांग हैं जो कुष्ठ रोग से भी पीड़ित हैं। इन दिव्यांगों को किट मुहैया कराते हुए उनके जीवन को सरल व सुगम बनाने को लेकर प्रयास किया जा रहा है। इससे न सिर्फ वे अपने रोजमर्रा के सामानों को बेहतर ढंग से रख सकेंगे बल्कि उसके प्रयोग से स्वयं भी बेहतर ढंग से जीवन का निर्वाह कर लेंगे। जिला दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में चिह्नित व कुष्ठ रोग से पीड़ित कुल 332 दिव्यांगों को डेली लिविंग किट उपलब्ध कराया जाएगा। किट के मिलने से उनकी मुश्किलें कम होंगी। संवाद